हरिभूमि
# रंगभूमि
बिलासपुर, बुधवार, 4 मार्च 2026

होली की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

## खबर संक्षेप

### होली के मद्देनजर तीन टाइम की जाएगी जल आपूर्ति

**अंबिकापुर।** होली के दिन नगर निगम द्वारा शहर वासियों को दिन में तीन बार जल आपूर्ति की जाएगी। ननि आयुक्त ने बताया कि होली के मद्देनजर 4 मार्च को निगम क्षेत्र में सुबह 6 बजे, दोपहर 1 बजे व शाम को 6 बजे जल प्रदान किया जाएगा।

### दूसरे दिन 12 राजस्व निरीक्षकों का स्थानांतरण

**अम्बिकापुर।** कलेक्टर ने सोमवार को 13 राजस्व निरीक्षकों का स्थानांतरण आदेश जारी करने के साथ ही स्थानांतरित निरीक्षकों को एक तरफा भारमुक्त करने के आदेश जारी किए थे वहीं मंगलवार को अन्य 12 राजस्व निरीक्षकों के स्थानांतरण आदेश जारी किए गए हैं। कलेक्टर ने प्रशासनिक दक्षता एवं कार्यों के बेहतर संपादन के उद्देश्य से मंगलवार को 12 राजस्व निरीक्षकों के स्थानांतरण आदेश जारी किए हैं। स्थानांतरित राजस्व निरीक्षकों में अखिलेश सिंह, राजनंदन राजवाड़े, राजेन्द्र राम, धर्मेन्द्र कुमार धर दुबे, अफताब अहमद, धर्मजीत मिंज, पुनीराम पैकरा, शंकर राम, सुरेन्द्र कुमार कुजूर, हुल सिंह एवं सुश्री कीर्ति सिंह शामिल है। सभी स्थानांतरित राजस्व निरीक्षकों को मंगलवार को अपराह्न की स्थिति में एकतरफा भारमुक्त भी किया है। कलेक्टर द्वारा जारी दो आदेशों में कुल 25 राजस्व निरीक्षकों को स्थानांतरित किया गया है।



रमज़ान मुबारक
चौदहवां रोजा
आज का इफ्तार - 6.05 बजे
कल की सेहरी - 4.52 बजे

### करजी के माझापारा में वर्षों से चली आ रही परम्परा

# होलिका दहन के बाद जलते अंगारों पर चले, मनोकामना होती है पूर्ण

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

होली के पहले सरगुजा में विधि विधान से पूजा अर्चना कर होलिका का दहन किया गया। इस दौरान जिले के दरिमा क्षेत्र में होलिका दहन के दौरान एक अनोखा मामला देखने को मिला। श्रद्धा और भक्ति में लीन ग्रामीण होलिका दहन के बाद दहकते अंगारों पर चले। गांव में अंगारों पर नंगे पांव चलने की परंपरा वर्षों पुरानी है और मान्यता कि इससे उनकी हर मनोकामना पूर्ण होती है।

**खास बात**
- गांव के बड़े बुजुर्गों के साथ युवा लेते है हिस्सा

बता दें कि रंगों का त्योहार होली के पहले होलिका दहन कर विधि विधान से पूजा अर्चना की जाती है। होलिका दहन के दौरान समाज की महिलाएं गोबर के कंडों की माला, अनाज के दानों से होलिका की पूजा अर्चना कर अपने व परिवार के सुख समृद्धि की कामना करती है। इस बीच गुरुवार की रात सरगुजा जिले के दरिमा विकासखंड के करजी माझापारा में एक अलग ही नजारा देखने को मिला। देर रात होलिका दहन के बाद समाज के युवा, बुजुर्ग होलिका की आग के बाद बने अंगारों पर चलते नजर आए। खास बात यह थी कि नंगे पांव अंगारों पर चलते है और उनके पांव नहीं जलते। अंगारों पर चलने के दौरान लोगों में खासा उत्साह देखने को मिला। अंगारों पर चलने का यह सिलसिला देर रात तक जारी रहा। इसके बाद लोगों ने होली खेलकर जश्न मनाया। करजी गांव की यह परंपरा अब सोशल मीडिया के कारण चर्चित हो चुकी है। शहर से भी लोग धधकते अंगारों पर नंगे पैर चलने की परंपरा में शामिल होते हैं। गांव के बैगा अशोक राम की मानें तो पूर्वजों से यह परंपरा चली आ रही है। होलिका की आग की गर्मी जरूर महसूस होती है।



होलिका दहन के बाद अंगारों पर चलते ग्रामीण।

**वर्षों से चली आ रही परम्परा**

गांव के लोग बताते है यह होलिका दहन के बाद जलते अंगारों पर चलने की यह परंपरा वर्षो पुरानी है। मान्यता है कि अंगारों पर चलने से उनकी सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती है। यही वजह है कि लोग बड़ी संख्या में इसमें हिस्सा लेते है और अपनी मनोकामनाओं की पूर्ति के लिए जलते हुए अंगारों पर चलते है। इस दौरान लोग अपने परिवार की सुख समृद्धि की कामना करते है। बच्चों से लेकर बड़ों तक इस परंपरा में शामिल श्रद्धाभाव से शामिल हुए। आसपास के गांवों से भी बड़ी संख्या में लोग इस आयोजन में सहभागी बने। यह परंपरा लोगों की आस्था से जुड़ी हुई है। ग्रामीणों का मानना है कि अंगारों पर चलने वालों को बीमारियां नहीं होती और गांव में खुशहाली बनी रहती है।

### अवैध रूप से संचालित भट्ठे से 1 लाख कच्ची ईंट व 25 टन कोयला जब्त

**बलरामपुर।** प्रशासन द्वारा जिले में अवैध संचालित ईंट भट्ठों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में विकासखण्ड शंकरगढ़ में अवैध रूप से संचालित ईंट निर्माण गतिविधियों पर कार्यवाही करते हुए लगभग 1 लाख अवैध कच्ची ईंटें व 25 टन कोयला जब्त की गई हैं। कलेक्टर राजेन्द्र कटारा के निर्देशन में अवैध गतिविधियों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में अनुविभागीय अधिकारी शंकरगढ़ विवेक अनमोल टोप्पो के नेतृत्व में राजस्व, खनिज एवं वन विभाग की संयुक्त टीम के द्वारा अवैध कच्चा ईंट लगभग 1 लाख जब्त कर कार्यवाही की गई। जांच में पाया गया की मथुरा राम के निजी भूमि पर खनिज मिट्टी उत्खनन कर ईंट निर्माण किया जा रहा था। साथ ही ईंट को पकाने के लिए अवैध रूप से कोयला मंगवाया गया था। टीम ने मौके से 25 टन कोयला जब्त किया। बिना वैध दस्तावेज और सक्षम अनुमति के बिना ईंट भट्ठा संचालन पर यह कार्रवाई की गई।

# चंद्रग्रहण के सूतक काल में बंद रहे मंदिरों के पट

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



चंद्रग्रहण के सूतक काल में मंगलवार को पूरे दिन मंदिरों के पट बंद रहे। चंद्रग्रहण समाप्त होने के बाद शाम 7 बजे मंदिरों के पट खोले गए तथा देव की पूजा-आरती की गई। मंगलवार को सुबह चंद्रग्रहण का सूतक लगने के कारण पूरे दिन मंदिरों में देवदर्शन एवं पूजा बंद रही। मंगलवार को साप्ताहिक बंदी होने के कारण बड़ी संख्या में श्रद्धालु मत्था टेकने मंदिरों में पहुंचते है। मंगलवार को महामाया मंदिर में पूरे दिन श्रद्धालुओं का आना-जाना लगा रहता है।

इस बार मंगलवार को चंद्रग्रहण का सूतक लगने के कारण सुबह पुजारियों ने नियमित पूजा-आरती की तथा मंदिर के पट बंद कर दिए गए। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सुबह मंदिरों में पहुंचकर पूजा-आरती की। सूतक काल प्रारंभ होने के पूर्व ही मंदिरों में श्रद्धालुओं का प्रवेश रोक दिया गया। धार्मिक मान्यता है कि ग्रहण का असर हर चर-अचर जीव पर पड़ता है। चंद्रग्रहण के सूतक काल का प्रभाव मंदिर के गर्भगृह तक नहीं पहुंचे न ही कोई प्रतिमा का स्पर्श कर सके इसलिए मंदिरों के पट बंद किए जाते हैं। शाम 7 बजे चंद्रग्रहण समाप्त होने के बाद मंदिरों के पट खोले गए तथा पुजारियों के स्नान करने के उपरांत विधि विधान से पूजा-अर्चना एवं आरती की। चंद्रग्रहण काल में बड़ी संख्या में लोग अपने घरों में कैद रहे तथा ग्रहण खत्म होने के बाद घरों से बाहर निकले।

# दो दुकानों में चोरों का धावा, पार किया नकदी, सामान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सेदम

बतौली क्षेत्र में एक बार फिर चोर गिरोह सक्रिय हो गए है। बीती रात चोरों ने दो बड़ी चोरी की घटना को अंजाम दिया। चोरों ने सिलसिलेवार दो दुकानों में धावा बोलकर नगदी समेत कीमती सामान को पार कर दिया। एक चोरी की घटना में एक चोर काउंटर तोड़ने तथा रूपए निकालते सीसी कैमरा में कैद हुआ है। दोनों ही मामलों में पुलिस द्वारा जांच की जा रही है। नगर में चोरी होने से व्यापारियों में हड़कंप मचा हुआ है जहां व्यापारियों द्वारा बतौली में रात्रि गश्त को दुरुस्त करने की मांग की जा रही है। नगर के हृदय स्थल वाटिका पारा में बीती देर रात बतौली के दो दुकानों में चोरों ने धावा बोल दिया। हरि गुप्ता के योगेश क्लॉथ स्टोर में नगद 30 से 35 हजार लगभग व 15 से 20 हजार रुपए कपड़ा जबकि भाजपा मंडल अध्यक्ष आशीष गुप्ता के बड़े भाई संतोष गुप्ता के जय माता दी एग्रो दुकान से चोरों ने 70 हजार नगदी पार कर दिया।

बताया जा रहा है कि चोरी की पूरी वारदात दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। चोरों द्वारा दो दुकानों को टारगेट कर चोरी की घटना को अंजाम दिया है जहां सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आसपास के लोगों से पूछताछ शुरू कर दी है। फुटेज के आधार पर संदिग्धों की पहचान की कोशिश की जा रही है। चोरों ने बड़ी आसानी से शटर का ताला तोड़ दुकान में प्रवेश किया तथा काउंटर के लाकर को पेचकस से तोड़कर पैसा निकाल लिया। दुकान बंद कर संचालक ऊपर फ्लोर में सो रहे थे जिन्हें चोरी की भनक भी नहीं लगी है। बतौली पुलिस सीसीटीवी फुटेज भी खंगाल रही है जबकि जिला से साइबर एक्सपर्ट ,डॉग स्क्वॉड के सहारा लेकर पुलिस तफ्तीश कर रही है। घटना के बाद वाटिका पारा समेत पूरे शहर में दहशत और आक्रोश का माहौल है। व्यापारियों ने रात्रि गश्त बढ़ाने और जल्द आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की है।

इस संबंध में थाना प्रभारी विवेक सेंगर ने बताया कि चोरी की घटना को गंभीरता से जांच की जा रही है। दोनों दुकान से कितना का चोरी हुआ यह स्पष्ट नहीं हो सका। चोरों को जल्द ही पकड़ लिया जाएगा।



## खबर संक्षेप

### ट्रैक्टर चालक की मौत, केल्हारी क्षेत्र में भारी आक्रोश



**मनेन्द्रगढ़।** एमसीबी जिले के केल्हारी थाना क्षेत्र के ग्राम पसौरी में मंगलवार सुबह एक दर्दनाक घटना सामने आई, जहां मध्यप्रदेश पुलिस की कथित मारपीट से एक ट्रैक्टर चालक युवक की मौत हो गई। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में आक्रोश का माहौल है और ग्रामीणों ने कार्रवाई की मांग को लेकर कड़ा रुख अपनाया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जिला शहडोल के थाना जैतपुर अंतर्गत दर्शिला चौकी से आए दो पुलिसकर्मियों एवं उनके साथ मौजूद एक अन्य व्यक्ति ने ग्राम सेमरा नागपुर निवासी युवक के साथ मारपीट की। बताया जा रहा है कि मारपीट के दौरान युवक की तबीयत बिगड़ गई। उपचार के लिए ले जाते समय रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। घटना मंगलवार सुबह लगभग 8 बजे बरने नदी क्षेत्र के पास की बताई जा रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि दो पुलिस कर्मियों व एक अन्य व्यक्ति द्वारा सोनू नामक युवक पर बेलचे से हमला किया गया। मृतक ट्रैक्टर चालक था और नागपुर क्षेत्र का निवासी था। घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीण काफी संख्या में मौके पर जमा हो गए। पसौरी चीर घर के पास ग्रामीणों ने शव रखकर विरोध प्रदर्शन किया और स्पष्ट कहा कि जब तक दोषियों पर ठोस कार्रवाई नहीं होगी, पोस्टमार्टम नहीं होने देंगे।

### होली पर मध्यप्रदेश के शराब के तस्कर को आबकारी ने भेजा जेल

**बैकुण्ठपुर।** जिला आबकारी अधिकारी रमेश कुमार के मार्गदर्शन में लगातार कार्रवाई की जा रही है। प्राप्त सूचना के आधार पर ग्राम अमरपुर ढोड़ीबहरा निवासी हरिचरण आ. रामसिंह के कब्जे से 39 पाव गोवा व्हिस्की 7.02 लीटर मध्यप्रदेश निर्मित शराब बरामद कर जब्त किया गया। छग आबकारी अधिनियम की धारा 34 (1) क 34 (2), 36 व 59 क के तहत प्रकरण कायम कर आरोपी को जिला न्यायालय बैकुंठपुर में न्यायिक रिमाण्ड के लिए प्रस्तुत किया गया। न्यायाधीश द्वारा आरोपी को 14 दिनों के लिए जेल भेजने का आदेश दिया गया। 4680 रूपए की शराब को अमरपुर से होली में 6000 रूपए में बेचने के लिए लाया था। इस कार्रवाई में सहायक जिला आबकारी अधिकारी श्रीमती सपना सिन्हा, आबकारी उप निरीक्षक रामसनेही यादव, मुख्य आरक्षक बबुआ राम, किशुन राम, आरक्षक नरेन्द्र राजवाड़े और हेमंत राजवाड़े एवं नगर सैनिक इंद्रकुमारी की महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### समय-सीमा की बैठक में विभिन्न विषयों पर विमर्श




**बैकुण्ठपुर।** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में मंगलवार को कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी की अध्यक्षता में समय-सीमा की बैठक आयोजित की गई। बैठक में शासन की विभिन्न योजनाओं, जनसमस्याओं तथा लंबित प्रकरणों की विस्तार से समीक्षा की गई। कलेक्टर ने सभी विभागीय अधिकारियों से आपसी समन्वय के साथ कार्य करने तथा शासन की योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक समय पर पहुंचाने के निर्देश दिए। बैठक में समय-सीमा के अंतर्गत लंबित प्रकरणों की प्रगति की भी समीक्षा की गई और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। उन्होंने सभी अधिकारियों से कहा कि आम नागरिकों से प्राप्त आवेदनों का निराकरण समय पर त्वरित गति से करें। बैठक में कलेक्टर ने सीएम जनदर्शन लंबित प्रकरणों पर विशेष ध्यान देकर निराकरण करने का निर्देश दिया। बैठक में जिला पंचायत के सीईओ डॉ.आशुतोष चतुर्वेदी, अपर कलेक्टर सुरेन्द्र वैद्य, जिला स्तरीय अधिकारी एवं संबंधित विभागों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### वर्दी हुई दागदार जशपुर में 24 पैकेट गांजा बरामद

# गांजा तस्करी के मामले में दो आरक्षक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जशपुरनगर

जिले में नशे के खिलाफ चल रही मुहिम के बीच शनिवार को कोतवाली पुलिस ने ऐसी कार्रवाई की, जिसने पूरे पुलिस महकमे को झकझोर कर रख दिया। विवेकानंद कॉलोनी स्थित एक किराए के मकान से 24 पैकेट गांजा बरामद होने के बाद जब पूछताछ आगे बढ़ी तो तस्करी के तार सीधे पुलिस विभाग तक जा पहुंचे। मामले में दो आरक्षकों की गिरफ्तारी से सनसनी फैल गई है।

28 फरवरी को पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि रवि विश्वकर्मा नामक व्यक्ति अपने किराए के मकान में भारी मात्रा में अवैध गांजा छिपाकर रखा है। सूचना मिलते ही थाना कोतवाली की टीम ने बिना देर किए विवेकानंद कॉलोनी में दबिश दी। रेड के दौरान घर में रखी एक पेटी से 24 पैकेट गांजा बरामद किया गया। बरामद माल को जब्त कर आरोपी रवि विश्वकर्मा को हिरासत में लिया गया।



गोविंद उर्फ सुनील भगत। रवि विश्वकर्मा। अमित त्रिपाठी। धीरेंद्र मधुकर।

#### कानून से ऊपर कोई नहीं

जशपुर पुलिस की इस कार्रवाई से साफ संदेश गया है कि अवैध नशे के कारोबार में लिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा, चाहे वह वर्दीधारी ही क्यों न हो। विभागीय स्तर पर भी आगे की कार्रवाई की तैयारी की जा रही है।

#### अभियान इसी तरह जारी रहेगा

जिले में होली से पहले लगातार हो रही इन कार्रवाईयों ने नशे के सौदागरों में हड़कंप मचा दिया है। पुलिस का कहना है कि अभियान आगे भी इसी तरह जारी रहेगा और जिले को नशामुक्त बनाने के लिए सख्त कदम उठाए जाएंगे।

#### पूछताछ में खुला बड़ा राज

सख्ती से पूछताछ करने पर रवि विश्वकर्मा ने बताया कि यह गांजा गोविंद उर्फ सुनील भगत ने पैसों के एवज में उसके घर में रखवाया था। पुलिस ने तत्काल सुनील भगत को भी गिरफ्तार कर लिया। मामले में थाना जशपुर में अपराध क्रमांक 74/26 के तहत धारा 20 (बी) एनडीपीएस एक्ट में प्रकरण दर्ज कर दोनों आरोपियों को न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया।

#### विभाग में मचा हड़कंप

मामले ने उस समय और गंभीर रूप ले लिया जब आरोपी गोविंद उर्फ सुनील ने पूछताछ में खुलासा किया कि थाना तपकरा के आरक्षक क्रमांक 581 धीरेंद्र मधुकर उम्र 37 वर्ष एवं आरक्षक क्रमांक 392 अमित त्रिपाठी उम्र 35 वर्ष भी गांजा तस्करी में मिलकर काम कर रहे थे। जांच के दौरान दोनों आरक्षकों की संलिप्तता पाए जाने पर उन्हें भी गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया।

## जिले के कई छात्रावासों का बुरा हाल, जनप्रतिनिधि बेखबर

**मनेन्द्रगढ़।** जिले में संचालित कई छात्रावासों की स्थिति आज गंभीर चिंता का विषय बन चुकी है। जिन छात्रावासों का उद्देश्य दूर-दराज से आने वाले विद्यार्थियों को सुरक्षित वातावरण, आवास, भोजन और पढ़ाई की मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना था, वहीं छात्रावास आज अव्यवस्था, लापरवाही और अनदेखी के प्रतीक बनते जा रहे हैं।

सबसे दुखद पहलू यह है कि इन समस्याओं से जिले के जनप्रतिनिधि लगभग बेखबर नजर आते हैं। कई छात्रावासों में वर्षों से एक ही अधीक्षक या अधीक्षिका पदस्थ हैं। लंबे समय से एक ही स्थान पर जमे रहने के कारण इन पर न तो किसी प्रकार की निगरानी रह गई है और न ही जवाबदेही। स्थिति यह हो गई है कि छात्रावासों में अधीक्षक जंगल राज की तरह कार्य कर रहे हैं। बच्चों की समस्याएं सुनने वाला कोई नहीं, शिकायत करने पर डराया-धमकाया जाता है और कई बार बच्चों को प्रताड़ना का भी सामना करना पड़ता है। कई छात्रावासों में मूलभूत सुविधाओं का घोर अभाव देखा जा रहा है। कई जगहों पर पीने का शुद्ध पानी उपलब्ध नहीं है, शौचालयों की हालत जर्जर है, साफ-सफाई नाम मात्र की रह गई है। बरसात के मौसम में कमरों की छतें टपकती हैं, दीवारों में सीलन है और बिजली की व्यवस्था भी बदहाल है। विद्यार्थियों को समय पर पौष्टिक भोजन नहीं मिल पाता, कई छात्रावासों में मेनू केवल कागजों तक सीमित है, सबसे चिंताजनक स्थिति पढ़ाई से जुड़ी सुविधाओं को लेकर है। अध्ययन कक्षों में पर्याप्त रोशनी नहीं, पुस्तकालय या तो है ही नहीं या वर्षों से बंद पड़ा है। प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों के लिए न तो मार्गदर्शन की व्यवस्था है और न ही शांत वातावरण, ऐसे हालात में बच्चों से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद करना अपने आप में एक बड़ा प्रश्न खड़ा करता है। प्रश्न यह भी उठता है कि आखिर जिले के अधिकारी और जनप्रतिनिधि इन अधीक्षक और अधीक्षकाओं पर इतने मेहरबान क्यों हैं। बार-बार शिकायतों के बावजूद न तो जांच होती है और न ही किसी प्रकार की सख्त कार्रवाई। निरीक्षण के नाम पर औपचारिकता निभा दी जाती है और रिपोर्ट फाइलों में दबकर रह जाती हैं, परिणामस्वरूप बच्चों का भविष्य इन अव्यवस्थाओं की भेंट चढ़ता जा रहा है।

## महिलाओं ने हर्बल गुलाल से लिखी आत्मनिर्भरता की नई कहानी

**बैकुण्ठपुर।** जिला मुख्यालय बैकुंठपुर के जनपद अंतर्गत ग्राम डकईपारा की 11 महिलाओं ने महिला सशक्तिकरण की प्रेरक मिसाल पेश की है। उजाला महिला स्व सहायता समूह की इन महिलाओं ने होली पर्व के अवसर पर 100 किलो से अधिक हर्बल गुलाल तैयार कर न केवल हरित होली का संदेश दिया है, बल्कि आत्मनिर्भरता की दिशा में सशक्त कदम भी बढ़ाया है। कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी के मार्गदर्शन एवं राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान के सहयोग से



शुरू हुई इस पहल ने अल्प समय में उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। मात्र 10 दिनों में तैयार उत्पाद को स्थानीय बाजार सहित ऑनलाइन माध्यम से भी उपलब्ध कराया जा रहा है। महिलाओं ने चुकंदर, हल्दी, पलाश, पालक, लाल भाजी एवं एसेंशियल ऑयल जैसे प्राकृतिक अवयवों से त्वचा के अनुकूल एवं पर्यावरण हितैषी गुलाल तैयार किया है। रासायनिक रंगों के विकल्प के रूप में यह उत्पाद सुरक्षित होली का संदेश दे रहा है। 300 रूपए प्रति किलो की दर से विक्रय किए जा रहे इस हर्बल गुलाल से मात्र तीन दिनों में 5 हजार रूपए से अधिक की आय अर्जित की जा चुकी है। बढ़ती मांग को देखते हुए समूह की महिलाएं उत्पादन कार्य में निरंतर जुटी हुई हैं। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान के मास्टर ट्रेनर द्वारा महिलाओं को निर्माण एवं पैकेजिंग का प्रशिक्षण दिया गया। समूह ने इस कार्य की शुरूआत आंतरिक ऋण से की, जिसे योजनागत सहयोग और मार्गदर्शन ने सफल उद्यम में परिवर्तित कर दिया। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी ने महिलाओं के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि यह पहल महिला सशक्तिकरण और स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने जिलेवासियों से स्थानीय उत्पादों को अपनाकर नारी शक्ति को प्रोत्साहित करने का आवाहन किया।

## बजट से चहुंओर बढ़ेगी विकास की रफ्तार: श्यामबिहारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैकुण्ठपुर

मंगलवार को स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल ने प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का संकल्प नीति से परिणाम तक प्रदेश के वित्त मंत्री ने इस वर्ष के बजट को संकल्प थीम पर आधारित बताया। पिछले दो वर्षों में ज्ञान (गरीब, युवा, अन्नदाता, नारी) और गति (सुशासन, अवसंरचना में तेजी लाना, प्रौद्योगिकी, औद्योगिक विकास) के माध्यम से छग में विकास की आधारशिला रखी गई थी।

इस बजट में संकल्प का अर्थ इरादा तो है ही साथ ही उसे जमीन पर उतारने की प्रतिबद्धता भी है क्योंकि राज्य की साय सरकार में नीतियों को मूर्तरूप देने की परम्परा है। छग राज्य निर्माण के समय जहां बजट मात्र 4,944 करोड़ था वहीं वर्ष 2026-27 में बजट आकार 35 गुना बढ़कर 1,72,000 करोड़ रूपए हो गया है। बजट की राशि में यह बढ़त केवल ऑकड़ों का छलांग नहीं बल्कि राज्य के आर्थिक आत्मविश्वास का है।



महतारी वंदन योजना के लिए साय सरकार के द्वारा बजट में 8,200 करोड़ रुपए का प्रावधान महिलाओं को आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में आगे बढ़ाने वाला ऐतिहासिक कदम है। रानी दुर्गावती योजना के तहत बालिका को 18 वर्ष की आयु पूरी होने पर 1.5 लाख रूपए दिए जाने का प्रावधान है। महिलाओं के नाम पर संपत्ति पंजीयन में 50 प्रतिशत छूट भी केवल राहत नहीं बल्कि सामाजिक परिवर्तन का संकेत है। लखपति दीदी भ्रमण योजना के माध्यम से सफल महिला उद्यमियों का एक्सपोजर विजिट यह दशार्ने वाला है कि सरकार महिलाओं को आत्मनिर्भर और नेतृत्वकारी भूमिका में देखना चाहती है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रस्तुत यह संकल्प बजट सरकार समावेशी विकास, क्षेत्रीय संतुलन, अधोसंरचना निर्माण, मानव संसाधन विकास और सांस्कृतिक संरक्षण को साथ लेकर चलने वाली है। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल, भाजपा जिलाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी, पूर्व जिलाध्यक्ष केबी जायसवाल, जिला पंचायत अध्यक्ष मोहित पैकरा, जिला पंचायत उपाध्यक्ष वंदना राजवाड़े, जिला उपाध्याक्ष बसंत राय, अशोक जायसवाल, जिला महामंत्री पंकज गुप्ता, पूर्व जिला उपाध्याय शैलेश शिवहरे, नगर पालिका अध्यक्ष अरूण जायसवाल, नगर पंचायत अध्यक्ष गायत्री सिंह, जिला मंत्री शारदा गुप्ता, जिला मीडिया प्रभारी तीरथ राजवाड़े, किसान मोर्चा प्रदेश प्रकल्प संयोजक विनोद साहू, जिला सह सोशल मीडिया प्रभारी राकेश गुप्ता, मंडल अध्यक्ष अनिल खटिक, महामंत्री रमन गुप्ता, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष सतेन्द्र राजवाड़े, सुनील सिंह, शिक्षा प्रकोष्ठ जिला संयोजक गोकरण शुक्ला, जय चक्रधारी आदि उपस्थित थे।

**न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर**
**जिला-सरगुजा (छ.ग.)**
रा.प्र.क्र.- /ब-121/2025-26

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक सोनलाल बड़ा आ. टीबला बड़ा जाति उरांव निवासी ग्राम साडबार तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ.ग. के द्वारा ग्राम सांडबार स्थित खसरा नंबर 54/1 रकबा 0.251 हे. मेसे रकबा 0.024हे. भूमि को अनावेदक श्रीमती सोनी भुईया पुत्री मुन्नू भूईया पत्नी अशोक जाति भुईया निवासी कबीर वार्ड दर्रीपारा अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ.ग. के पास अंकन राशि रूपये 12,00,000/- में बिक्री करने का सौदा तय कर बिक्री अनुमति हेतु आवेदन पत्र श्रीमान कलेक्टर महोदय सरगुजा के समक्ष प्रस्तुत किया गया है, जो जांच एवं प्रतिवेदनार्थ इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। उक्त संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो सुनवाई दिनांक 18/3/2026 के पूर्व स्वयं अथवा अपने प्रतिनिधि अथवा अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर अपना दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। समय-सीमा के बाद प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक-18/02/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।


**तहसीलदार**
**अम्बिकापुर, सरगुजा**

## पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय में स्काई वाचिंग कार्यक्रम

**बैकुण्ठपुर।** राष्टीय विज्ञान दिवस के अवसर पर पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय बैकुंठपुर में स्काई वाचिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम ब्रेकथ्रू साइंस एफसीई सोसायटी कोरेओ द्वारा छात्र-छात्राओं में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने, तार्किक सोच को प्रोत्साहित करने तथा खगोल विज्ञान के प्रति रुचि बढ़ाने के उद्देश्य से आयोजित किया गया।



कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के प्रतिमा पर दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। विद्यालय के प्राचार्य ने सभी अतिथियों का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को टेलिस्कोप के माध्यम से सूर्य पर मौजूद सनस्पॉट (सूर्य के काले धब्बे) दिखाए गए। सोसायटी के सदस्य शिक्षक अमरनाथ सिंह ने बच्चों को सनस्पॉट के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि सूर्य पर दिखाई देने वाले काले धब्बे वास्तव में अपेक्षाकृत ठंडे क्षेत्र होते हैं, जो सूर्य की तीव्र चुंबकीय गतिविधियों के कारण



बनते हैं। इनका तापमान आसपास के भागों से कम होने के कारण ये काले दिखाई देते हैं। उन्होंने चंद्रमा के काले धब्बों, जिन्हें मारीया कहा जाता है इसके बारे में भी बताया कि ये प्राचीन ज्वालामुखीय विस्फोटों से निकले लावा के ठंडा होकर मैदान बनने से निर्मित हुए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि सूर्य के धब्बे अस्थायी और गतिशील होते हैं, जबकि चंद्रमा के धब्बे स्थायी भू-आकृतिक संरचनाएं हैं। सूर्यास्त के पश्चात विद्यार्थियों को चंद्रमा तथा बृहस्पति ग्रह के साथ उसके चार प्रमुख उपग्रह भी टेलिस्कोप से दिखाए गए। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने महान वैज्ञानिक सीवी रमन के जीवन संघर्ष एवं उनकी ऐतिहासिक खोज रमन प्रभाव के बारे में प्रस्तुति दी।

**TOP IN SURGUJA**







































